
आखिरकार पटरी पार समेत आधे से ज्यादा शहर के लोगों को दीपावली गड्ढेदार सड़कों के साथ ही मनाना पड़ी। डामरीकरण और पेचवर्क के जो काम शुरू हुए थे, वो दीपावली ही बंद हो गए। नगर निगम के निठल्ले अफसरों की इस करतूत ने दीपावली के पहले सड़कों की हालत सुधारने का दावा करने वाले प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया, विधायक चेतन्य काश्यप और कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की छवि पर बट्टा लगा दिया है। जिम्मेदारों की फटकार के बाद नगर निगम ने 38 सड़कों के डामरीकरण के टेंडर निकाले थे। सिर्फ 6 के वर्क आर्डर हुए। उसमें से भी सिर्फ तीन का ही काम हो पाया है। बाकी तीन का शुरू तक नहीं हो पाया। यही हालत पेंचवर्क की है। साल भर के लिए 80 लाख का टेंडर दिया था। 21 लाख पूरे करने के बावजूद अब तक सिर्फ 6 से 7 सड़कों पर ही पैबंद लग पाए हैं। ताज्जुब यह कि कलेक्टर निगम का ढर्रा सुधारने की कोशिश में लगे हैं। वहीं तेजी से काम करवाना तो दूर आयुक्त सोमनाथ झारिया रिटायरमेंट मोड पर और उपायुक्त विकास सोलंकी गंभीर नहीं है।

**रोडमैप के अनुसार सड़क बनने में लग जाएंगे दस साल** - सड़कों को लेकर नगर निगम का यही रवैया रहा तो फरवरी में मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत रोड नेटवर्क सुधारने के प्लान को अमली जामा पहनने में दस साल लग जाएंगे। इसमें निगम ने 166.78 किमी लंबे रोड नेटवर्क को सुधारने का दावा है। 126.53 करोड़ रुपए के खर्च वाले प्लान पर अब तक काम ही शुरू नहीं हो पाया है। योजना में 7 प्रमुख सड़कों को फोरलेन जितना तथा 20 संकरी पुलिया को भी चौड़ा कर नए सिरे से बनाया जाना है।



यह हालत है कस्तूरबा नगर मुख्य मार्ग की, इसकी सीवरेज और पानी की पाइप लाइन के लिए दो बार खुदाई हो चुकी है। रीस्टोरेशन दोनों ही बार नहीं हुआ।



ये गोशाला रोड है, कहने को नगर निगम ने इस पर पेचवर्क कर दिया है। फिर भी सड़क गड्ढेदार हो रही है। पेंचवर्क के लिए डाली गई गिट्टी भी उखड़ने लगी है। फोटो | चिंटू मेहता

## अफसरों ने ये हालत की प्रभारी मंत्री, विधायक व कलेक्टर के दावों की

**डामरीकरण** - 32 सड़कों का पहला टेंडर फेल होने के बाद अक्टूबर में ही दूसरी बार निकालने थे, लेकिन अफसरों ने ध्यान ही नहीं दिया। कस्तूरबा नगर, जवाहर नगर, अमृत सागर कॉलोनी रोड, गोशाला रोड, बाजना बस स्टैंड सहित कई प्रमुख सड़कें अभी भी गड्ढेदार हो रही है। अगस्त में पहली बार 22 और दूसरी बार 17 समेत निगम ने 38 सड़कों के टेंडर निकाले। मिले ऑफर में सिर्फ 6 ही मापदंड पर खरे उतर पाए। इनमें से भी सिर्फ विनोबा नगर, डोंगरे नगर व एक अन्य सड़क का ही काम हो पाया, बाकी तीन शुरू तक नहीं हो पाए।

**पेचवर्क** - ठेकेदार बलवीर सिंह राठौर दीपावली के पहले ही काम बंद करके बैठा है। निगम के नाकारा अफसर कार्रवाई तक नहीं कर पा रहे। अब तक सिर्फ स्टेशन रोड, फ्रीगंज रोड, दो बत्ती से मेहंदी कुई बालाजी, नगर निगम से जेल रोड, बाल चिकित्सालय रोड, आबकारी चौराहा से चांदनीचौक व गौशाला रोड का ही पेंचवर्क हो पाया है। पटरी पार के पूरे इलाके समेत आधा शहर की सड़कों पर अब भी गड्ढों की भरमार है। निगम के अफसर लगभग 80 लाख के टेंडर में से 21 लाख रुपए से ज्यादा पूरे कर चुके।

## इसलिए नहीं सुधर पाई सड़कों की हालत

**लापरवाही अफसर** - वरिष्ठों को खुश करने एक बार टेंडर निकालकर बैठ गए, दूसरी बार निकाले ही नहीं। मॉनीटरिंग नहीं करते।

**ठेकेदार** - मनमाने तरीके से पेंचवर्क और डामरीकरण करके दीपावली के पहले काम भी बंद कर दिया। इंजीनियर मौके पर देखने तक नहीं गए।

**कार्यशैली** - भुगतान को लेकर निगम की कार्यशैली के चलते छोटे स्थानीय ठेकेदार ने सड़कों के काम लेना बंद कर दिया। बड़े और बाहरी मनमानी करते हैं।

**पेचवर्क** - सिर्फ गड्ढों में डामर डाल दियां, रोलर से दबाया नहीं, जिससे डामर फिर से उखड़ने लगा है। निगम के पास रोलर है लेकिन चलाने वाला नहीं।

भास्कर

दे. भास्कर 9/11/21

# डोर टू डोर कचरा निपटान के तरीके समझाए

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में किया कार्य शुरू



रतलाम. मानव जीवन में स्वच्छता बहुत आवश्यक है। गंदगी और कचरे से अनेक प्रकार की बीमारियां हो जाती हैं। बच्चे, जवान बुजुर्ग बीमारियों से दुख पाते हैं। जिससे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। ऐसे में अपने घर व दुकानों से निकले कचरे का निपटान सही तरीके से करे और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में हर नागरिक सहयोग करे।

यह बात नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सोमवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत आयोजित विभिन्न जागरुकता गतिविधियों के दौरान व्यक्त किए। इस मौके पर सफाई मित्र समूह ने शहर के एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर रांगोलियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश भी दिया। वही कई क्षेत्रों में डोर टू डोर लोगों से सम्पर्क कर उन्हें कचरे निपटान के सही तरीकों से अवगत कराया। पत्रिका

### रतलाम को नंबर वन

आयुक्त झारिया ने कहा कि स्वच्छता के मामले में हम रतलाम को नम्बर बना सकते हैं। नागरिक स्वच्छता को बनाए रखने में सहयोग करे। इधर-उधर कचरा फेंकने की आदत से मुक्त हो और अपने घर या दुकान के कचरे का निपटान कचरा संग्रहण वाहनों में ही करें। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, झोन अधिकारी एपीसिंह, किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान सहित सफाई मित्र समूह के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

पत्रिका 9/11/21

# राशन हो या शराब दुकान, संचालक कहेंगे पहले टीका लगवाकर आएं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

दीपावली का त्योहार खत्म हो गया है। दीपावली से पहले बाजार में भारी भीड़ थी, खासतौर पर दुकानदार लोगों के खूब संपर्क में आए। इस भीड़ का डर अब सताने लगा है। अब बाजार में शांति है, ऐसे में प्रशासन दुकानदारों के कोरोना सैंपल लेने की तैयारी में है। ऐसा इसलिए ताकि बाजार में कोरोना की स्थिति के बारे में पता चल सके।

हमारे शहर में अभी कोरोना शांत है। ऐसा इसलिए क्योंकि 19 दिन से कोई पॉजिटिव नहीं मिला है, 20 अक्टूबर को जो पॉजिटिव आया था, वह भी मुंबई से लौटा युवक था। पिछले तीन महीने के आंकड़े देखे तो सिर्फ 3 पॉजिटिव शहर में मिले हैं। रेंडम सैंपलिंग जारी है, संदिग्ध लोगों को डॉक्टर सैंपल देने के लिए भेज रहे हैं। हालांकि, कोरोना के मामले सामने नहीं आ रहे हैं। दीपावली का त्योहार गुजर चुका है, इस दौरान बाजार में खरीदी करने वाले लोगों की भीड़ थी, रतलाम ही नहीं वरन ग्रामीण क्षेत्र से लोग खरीदी के लिए आ रहे थे। इसे लेकर बाजारों में दुकानदारों के सैंपल लिए जाएंगे और कोविड-जांच की जाएगी। इसके लिए टीम सैंपलिंग करेगी।

## शहर में अभी कोरोना संक्रमण थमा हुआ है, 19 दिन से कोई पॉजिटिव नहीं मिला, तीन महीने में सिर्फ 3 पॉजिटिव मिले हैं

### कोरोना की दूसरी लहर की भयावहता देखी है

इधर, कोरोना से सभी को डर है। ऐसा इसलिए है क्योंकि दूसरी लहर की भयावहता हमने देखी है। मई-जून में एक दिन में ही 398 पॉजिटिव सामने आए थे। वहीं, रोज कम से कम 5 मौत की पुष्टि कोरोना से हो रही थी। इसके अलावा लंग्स इंफेक्शन सहित अन्य कारणों से मौत का आंकड़ा अलग था, जिसकी सच्चाई श्मशान की तस्वीरें बता रही थी। श्मशान में एक दिन में 20 से ज्यादा शव के अंतिम संस्कार हुए हैं, आलम ऐसा था कि अंतिम संस्कार के लिए जगह नहीं बची थी।

### शहर में कोरोना के हाल

17507 पॉजिटिव अब तक मिल चुके हैं।

17196 लोग ठीक हो चुके हैं।

311 लोग अब तक कोरोना के कारण जान गंवा चुके हैं।

3.29 लाख से ज्यादा लोगों के सैंपल लिए जा चुके हैं।

2.02 लाख से ज्यादा सैंपलों की रिपोर्ट निगेटिव रही हैं।

5096 सैंपल निगेटिव रहे हैं।

2137 सैंपल रेपीड एंटीजन में पॉजिटिव आए हैं।

102111 सैंपल रेपीड एंटीजन में निगेटिव आए हैं।

भास्कर

### संक्रमण स्तर जांचने रेंडमली लेंगे सैंपल

*त्योहारी सीजन में दुकानदार ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों के संपर्क में आए हैं, इसलिए कोरोना प्रसार पर नियंत्रण को देखते हुए दुकानदारों के सैंपल लिए जाएंगे।*

**कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर, रतलाम

दै. भास्कर 9/11/21

**बैठक संपन्न** कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा...

# सीएम हेल्पलाइन में कोई भी शिकायत नॉनअटेंड नहीं रहे

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में कोई भी शिकायत नॉनअटेंड नहीं रहे अन्यथा अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शिकायत को अटेंड नहीं करना गंभीर लापरवाही है। जैसे ही शिकायत प्राप्त होती है उसका एल वन स्तर पर ही निराकरण सुनिश्चित कर दें।

सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। सर्वाधिक शिकायतें कृषि, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वित्त, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, श्रम आदि की लंबित हैं। कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी समय अवधि बैठक के पूर्व 50 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण कर दिया जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया की पात्रता पर्ची से संबंधित लंबित शिकायतों का निराकरण किया जाना संभव नहीं है उनका विधिवत फॉर



क्लोज किया जाए। वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा की गई। सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि जिन व्यक्तियों के प्रथम तथा द्वितीय डोज लगाए जाने शेष हैं उनकी सूची तैयार कर दूरभाष पर उनको सूचित किया जाए। इसकी मानिटरिंग एसडीएम स्वयं करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन टीकाकरण की रिपोर्ट प्रत्येक संध्या को प्रेषित करें जीएमडीईसी को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्र में शत प्रतिशत टीकाकरण करवाया जाए।

---

**लंबित शिकायतों की समयावधि पत्रों की बैठक में विभागवार समीक्षा**

# सीएम हेल्पलाइन में कोई भी शिकायत नॉनअटेंड नहीं रहे

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में कोई भी शिकायत नॉनअटेंड नहीं रहे अन्यथा अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शिकायत को अटेंड नहीं करना गंभीर लापरवाही है। जैसे ही शिकायत प्राप्त होती है उसका एल वन स्तर पर ही निराकरण सुनिश्चित कर दें।

सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। सर्वाधिक शिकायतें कृषि, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वित्त, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, श्रम आदि की लंबित हैं। कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी समय अवधि बैठक के पूर्व 50 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण कर दिया जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया की पात्रता पर्ची से संबंधित लंबित शिकायतों का निराकरण किया जाना संभव नहीं है उनका विधिवत फॉर क्लोज किया जाए।

वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा की गई। सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि जिन व्यक्तियों के प्रथम तथा द्वितीय डोज लगाए जाने शेष हैं उनकी सूची तैयार कर दूरभाष पर उनको सूचित किया जाए। इसकी मॉनिटरिंग एसडीएम स्वयं करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन टीकाकरण की रिपोर्ट प्रत्येक संध्या को प्रेषित करें। जीएमडीईसी को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्र में शत प्रतिशत टीकाकरण करवाया जाए।

## 4144 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को 39 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस तरह अब तक 4144 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

नईदुनिया 9/11/21

# सीएम हेल्पलाइन में कोई भी शिकायत नानअटैंड नहीं रहे

रतलाम। समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में कोई भी शिकायत नानअटैंड नहीं रहे अन्यथा अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शिकायत को अटेंड नहीं करना गंभीर लापरवाही है। जैसे ही शिकायत प्राप्त होती है उसका एलवन स्तर पर ही निराकरण सुनिश्चित कर दें।

सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। सर्वाधिक शिकायतें कृषि, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वित्त, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, श्रम आदि की लंबित हैं। कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी समयाअवधि बैठक के पूर्व 50 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण कर दिया जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया की पात्रता पर्ची से संबंधित लंबित शिकायतों का निराकरण किया जाना संभव नहीं है उनका विधिवत फार क्लोज किया जाए। वैक्सीनेशन समीक्षा में सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि जिन व्यक्तियों के प्रथम तथा द्वितीय डोज लगाए जाने शेष हैं उनकी सूची तैयार कर दूरभाष पर उनको सूचित किया जाए। इसकी मानीटरिंग एसडीएम स्वयं करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन टीकाकरण की रिपोर्ट रोज शाम को भेजें।

## शराब व राशन दुकान पर आने वालों से कहेंगे वैक्सीन लगाओ

रतलाम। जिले में कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज शत-प्रतिशत व्यक्तियों को लगें, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जिले में उचित मूल्य की दुकानों पर आने वाले उपभोक्ताओं, शराब दुकानों पर आने वाले ग्राहकों तथा सहकारी संस्थाओं पर खाद-बीज के लिए आने वाले किसानों को दुकानदारों द्वारा प्रेरित किया जाएगा कि वह कोरोना के दोनों डोज लगवाना सुनिश्चित करें। अगर नहीं लगवाए गए हैं तो लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही नजदीकी वैक्सीनेशन सेंटर पर भेजकर वैक्सीनेट कराया जाएगा। त्योहारी हलचल को लेकर जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि रतलाम शहर के बाजारों में दुकानदारों के सैंपल लेकर कोविड-जांच की जाएगी। नई.

नईदुनिया 9/11/21

---

शिकायत नॉनअटेंड नहीं रहे

# कृषि, राजस्व और पंचायतों की शिकायतों से भरा सीएम हेल्पलाइन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को लेकर कलेक्टर ने एक बार फिर से सख्ती दिखाई है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सोमवार को हुई समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन में कोई भी शिकायत नॉनअटेंड नहीं रहे अन्यथा अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शिकायत को अटेंड नहीं करना गंभीर लापरवाही है। जैसे ही शिकायत प्राप्त होती है, उसका एल वन स्तर पर ही निराकरण सुनिश्चित कर दें।

सीएम हेल्पलाइन में सर्वाधिक शिकायतें कृषि, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वित्त, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, श्रम आदि की लंबित हैं। कलेक्टर ने 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। उनके द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी समय अवधि बैठक के पूर्व 50 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण कर दिया जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया पर्ची से संबंधित लंबित शिकायतों का निराकरण किया जाना संभव नहीं है, उनका विधिवत फॉर क्लोज किया जाए।

कलेक्टर ने वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि जिन व्यक्तियों के प्रथम तथा द्वितीय डोज लगाए जाने शेष हैं, उनकी सूची तैयार कर दूरभाष पर उनको सूचित किया जाए। इसकी मानिटरिंग एसडीएम स्वयं करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन टीकाकरण की रिपोर्ट प्रत्येक शाम को प्रेषित करें। जीएमडीईसी को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्र में शत प्रतिशत टीकाकरण करवाया जाए। पत्रिका

पत्रिका 9/11/21

## कोविड-जांच हेतु दुकानदारों के सैंपल लेंगे

रतलाम। दीपावली पर्व के पश्चात विगत दिनों बाजारों में त्योहारी हलचल के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि रतलाम शहर के बाजारों में दुकानदारों के सैंपल लिए जाएंगे और कोविड-जांच की जाएगी।

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि त्योहारी मौसम में दुकानदार अधिक संख्या में ग्राहकों के संपर्क में आए हैं, इसलिए कोरोना प्रसार पर नियंत्रण के दृष्टिगत दुकानदारों के सैंपल लिए जाना है।

## कोविड-जांच हेतु दुकानदारों के सैंपल लेंगे

दीपावली पर्व के पश्चात विगत दिनों बाजारों में त्योहारी हलचल के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि रतलाम शहर के बाजारों में दुकानदारों के सैंपल लिए जाएंगे और कोविड-जांच की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि त्योहारी मौसम में दुकानदार अधिक संख्या में ग्राहकों के संपर्क में आए हैं इसलिए कोरोना प्रसार पर नियंत्रण के दृष्टिगत दुकानदारों के सैंपल लिए जाना है।

## कोविड-जांच हेतु दुकानदारों के सैंपल लेंगे

रतलाम। दीपावली पर्व के पश्चात विगत दिनों बाजारों में त्योहारी हलचल के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि रतलाम शहर के बाजारों में दुकानदारों के सैंपल लिए जाएंगे और कोविड-जांच की जाएगी। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि त्योहारी मौसम में दुकानदार अधिक संख्या में ग्राहकों के संपर्क में आए हैं इसलिए कोरोना प्रसार पर नियंत्रण के दृष्टिगत दुकानदारों के सैंपल लिए जाना है।

## उचित मूल्य की दुकान तथा सहकारी संस्था में आने वालों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करेंगे

रतलाम। जिले में कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज शत प्रतिशत व्यक्तियों को सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जिले में उचित मूल्य की दुकानों पर आने वाले उपभोक्ताओं, शराब की दुकानों पर आने वाले ग्राहकों तथा सहकारी संस्थाओं पर खाद-बीज के लिए आने वाले किसानों को दुकानदारों द्वारा प्रेरित किया जाएगा कि वह कोरोना के दोनों डोज लगवाना सुनिश्चित करें। अगर नहीं लगवाए गए हैं तो लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही नजदीकी वैक्सीनेशन सेंटर पर भेजकर वैक्सीनेट कराया जाएगा।

## कल जिलेभर में लगाए जाएंगे 50 हजार डोज

रतलाम | जिले को 10 नवंबर को कोविड वैक्सीनेशन अभियान चलाया जाएगा। इस दिन 50 हजार टीके लगाए जाएंगे। कलेक्टर ने बताया शहर में 25 नवंबर तक शत प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य है। यदि ऐसा हुआ तो रतलाम पूरे मध्यप्रदेश का पहला शहर होगा। इधर, शादियों में आने वाले मेहमान भी वैक्सीनेटेड होने चाहिए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार को इसे लेकर बैठक ली। इसमें बताया 10 नवंबर के बाद 25 नवंबर तक प्रत्येक दिन 10 हजार टीके लगाए जाएंगे। शादियों में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन पर फोकस किया जाना है। मैरिज गार्डन संचालक सुनिश्चित करेंगे कि उनके यहां होने वाले वैवाहिक आयोजन में शामिल होने वाले सभी शत प्रतिशत लोग दोनों डोज लगा चुके हो। मैरिज गार्डन संचालक की मांग पर वहां वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किया जा सकता है।

टीकाकरण अभियान

# बाजारों में दुकानदारों के सैम्पल लिए जाएंगे

रतलाम ● स्वदेश समाचार

त्योहारी हलचल के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि रतलाम शहर के बाजारों में दुकानदारों के सैम्पल लिए जाएंगे और उनकी कोविड जांच की जाएगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के अनुसार त्योहारी मौसम में दुकानदार अधिक संख्या में ग्राहकों के संपर्क में आए है इसलिए कोरोना प्रसार नियंत्रण के दृष्टिगत दुकानदारों के सैम्पल लिए जाएंगे।

### शराब दुकानों पर ग्राहकों को प्रेरित किया जाएगा

जिले में कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज शत प्रतिशत व्यक्तियों को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जिले में उचित मूल्य की दुकानों पर आने वाले उपभोक्ताओं ,शराब की दुकानों पर आने वाले ग्राहकों तथा सहकारी संस्थाओं पर खाद-बीज के लिए आने वाले किसानों को दुकानदारों द्वारा प्रेरित किया जाएगा कि वह कोरोना के दोनों डोज लगवाना सुनिश्चित करें, साथ ही नजदीकी वैक्सीनेशन सेंटर पर भेजकर वैक्सीनेट कराया जाएगा, जिन्होंने अभी तक दूसरा डोज नहीं लगवाया है।

स्वदेश 9/11/21

दै. भास्कर 9/11/21

# ठंड में डेंगू होने लगा कम, इस महीने कोई नया मामला नहीं

## शहर में 264 व बिलपांक में 109 मामले मिल चुके

भास्कर संवाददाता । रतलाम

मौसम बदलने से सुबह व शाम ठिठुरन बढ़ गई है। नवंबर में कोई एलाइजा पुष्ट मामला सामने नहीं आया है। अधिकारियों की मानें तो अच्छी ठंड रहती है तो आगे भी डेंगू कम होने के आसार बनेंगे।

शहर में डेंगू का बड़ा प्रकोप सामने आया। रतलाम जिले में 412 पॉजिटिव मामले मिले हैं। रतलाम शहर में सबसे ज्यादा 264 केस हैं। वहीं, रतलाम ग्रामीण में 148 मामले सामने आए हैं। ग्रामीण क्षेत्र में सबसे ज्यादा हॉटस्पॉट बिलपांक रहा है, जहां 109 मामलों में डेंगू की पुष्टि हुई है। यह वे मामले हैं, जो कि एलाइजा टेस्ट में पॉजिटिव आए हैं। रेपिड और ब्लड टेस्ट में प्लाज्मा कम होने वालों की संख्या इससे कहीं अधिक है। इधर, अब डेंगू की रफ्तार कम होने की उम्मीद कर सकते हैं।

### पूरे प्रदेश में कम हो रहे केस

*डेंगू के मामले प्रदेश में कम हो रहे है। ठंड में लार्वा नहीं पनप सकता है। केस कम होने के आसार हैं।*
**डॉ. प्रमोद प्रजापति,** मलेरिया अधिकारी, रतलाम

मलेरिया

दै. भास्कर 9/11/21

# मध्यप्रदेश दिसम्बर में प्राप्त कर लेगा सम्पूर्ण वैक्सीनेशन का लक्ष्य

स्वतंत्र

## मध्यप्रदेश के नागरिकों की जागरूकता सराहनीय

## कोविड से पूर्ण सुरक्षा के लिए जरूरी हैं वैक्सीन के दोनों डोज-मुख्यमंत्री श्री चौहान

रतलाम। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों को स्वदेशी वैक्सीन के माध्यम से कोविड से बचाव का सुरक्षा चक्र प्रदान किया है। मध्यप्रदेश ने वैक्सीनेशन में देश के अग्रणी रहकर प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने का प्रयास किया है। आगामी दिसम्बर माह तक प्रदेश के सभी पात्र लोगों को कोविड-19 से बचाव के लिए वैक्सीन का द्वितीय डोज लगाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपील में कहा है कि प्रदेश के सभी नागरिकों को इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करना है। मध्यप्रदेश दिसम्बर माह के अंत तक सभी नागरिकों को कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लगाने का लक्ष्य प्राप्त कर लेगा।

**इन तारीखों को रखें याद-** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि वैक्सीन का दूसरा डोज लगाने का 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रदेश में नवम्बर माह की 10, 17 और 24 तारीख के अलावा 4 दिसम्बर को टीकाकरण महाअभियान चलाया जाएगा। इन तारीखों को सभी याद रखें। वैक्सीनेशन की बात हमारी मेल-मुलाकातों, बातचीत आदि में शामिल रहे। इससे सभी व्यक्तियों को वैक्सीन की दोनों डोज लगाने के लिए अनुकूल वातावरण बन जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस महाअभियान को सफल बनाने में सभी वर्गों को भागीदारी करनी है।

**अन्य प्रांतों के लिए अनुकरणीय बना है मध्यप्रदेश-मुख्यमंत्री श्री** चौहान ने कहा कि कोविड-19 से पूर्ण सुरक्षा के लिए वैक्सीन के दोनों डोज लगवाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ट्वीट कर प्रदेशवासियों से अपील की है कि जिस तरह आपने पहला डोज लगवाने में जागरूकता का परिचय दिया, उसी तरह दूसरे डोज के लिए भी आगे आएँ और प्रदेश में 100 प्रतिशत टीकाकरण और कोरोना मुक्त बनाने में अपना योगदान दें। अभी तक हुए टीकाकरण महाअभियानों में प्रदेश के नागरिकों की जागरूकता सराहनीय और अन्य प्रांतों के लिए अनुकरणीय है।

**विद्यार्थियों का सहयोग रखा जाएगा याद-मुख्यमंत्री श्री** चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में इस वर्ष संचालित कोरोना टीकाकरण के विशेष अभियानों की वजह से 7 करोड़ से अधिक नागरिक वैक्सीन लगवा चुके हैं। वैक्सीनेशन के कार्य को पूर्णता तभी मिलेगी जब हर व्यक्ति स्वयं दोनों डोज लगवाने के साथ ही अपने मित्रों, परिचितों और रिश्तेदारों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें। मध्यप्रदेश वैक्सीनेशन में प्रथम बना रहे, इसके लिए हमारे विद्यार्थी बंधु भी आगे आये हैं। वे घर-घर जाकर वैक्सीन के दोनों डोज लगवाने का आग्रह आम जनता से कर रहे हैं। विद्या

वर्ग द्वारा दिए जाने वाले

सहयोग को याद रखा जाए

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अ

व्यक्त की है कि 10, 17 और

नवम्बर और 4 दिसम्बर

टीकाकरण महाअभियान में

के अभियानों की

वातावरण तैयार होगा और

निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर

स्वतंत्र ट्रैलाक 9/11/21

# सीएम बोले 15 तक शुद्धीकरण कार्य

रतलाम. जिले में चल रहे शुद्धिकरण पखवाड़े के तहत मुख्यमंत्री ने आगामी 15 नवंबर तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा कि राजस्व अभिलेखों में त्रुटियों को दूर करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर शुद्धिकरण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस मुहिम का उद्देश्य राजस्व अभिलेखों में भिन्नता के कारण दिन-प्रतिदिन आम जनता को आने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए अभिलेखों में पूरी गंभीरता से सुधार के कार्य को एक साथ पूरे प्रदेश में करना है।

राजस्व अभिलेखों में क्षेत्रीय शब्दों के उपयोग के कारण एकरूपता नहीं रहती थी। साथ ही अभिलेख में भूमि स्वामी के प्रचलित नाम दर्ज होने और आधार-कार्ड में वास्तविक नाम दर्ज होने के कारण भिन्नता रहती थी। इसके अलावा नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों में भी क्षेत्रीय कर्मचारियों को परेशानी आती थी। बैंक से ऋण प्राप्त करने, प्रधानमंत्री किसान एवं फसल बीमा जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का भी भूमिधारक लाभ नहीं ले पा रहे थे।

पत्रिका।

पत्रिका 9/11/21

प्रदेश में जनगणना की तैयारी शुरू

# पहले चरण में मकानों की गिनती, दूसरे में जनगणना

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मध्यप्रदेश में जनगणना को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। जनगणना के सुचारू और सफल संचालन के लिए राज्य स्तर पर समन्वय समिति का गठन किया है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली इस समिति में विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव सदस्य बनाए गए हैं, जबकि जनगणना कार्य निदेशालय मध्यप्रदेश के निदेशक को समिति का संयोजक और सदस्य सचिव बनाया गया है।

जनगणना कार्य दो चरणों में होगा। पहले चरण में मकानों की लिस्टिंग और गिनती होगी, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना होगी। कोरोना और लॉकडाउन के चलते जनगणना एक साल देरी से शुरू हुआ है।

## सवा करोड़ बढ़ी आबादी

मध्यप्रदेश की आबादी में सवा करोड़ का इजाफा हुआ है। वर्ष 2011 की जनगणना के हिसाब से मध्यप्रदेश की कुल जनसंख्या 7 करोड़ 26 लाख 26 हजार 809 थी, अब यह बढ़कर 8 करोड़ 50 लाख 02 हजार 417 हो गई है।


पत्रिका 9/11/21

# प्रदेश में पांच करोड़ को लगी पहली डोज

## बड़ी उपलब्धि ● कोरोनारोधी टीके की पहली डोज लगाने के मामले में मध्य प्रदेश दूसरे नंबर पर

भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोनारोधी टीका लगाने के मामले में मध्य प्रदेश ने फिर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। 16 जनवरी से शुरू हुए टीकाकरण में सोमवार शाम तक प्रदेश में पांच करोड़ लोगों को पहली डोज लग चुकी है। यह तय लक्ष्य के मुकाबले 91 फीसद है। गुजरात में सर्वाधिक 91.78 फीसद को पहली डोज लगी है।

हालांकि, दूसरी डोज लगवाने के मामले में प्रदेश के लोग अभी पीछे हैं। अभी तक सिर्फ दो करोड़ 19 लाख लोगों को ही दोनों डोज लगी हैं। यह लक्ष्य के मुकाबले 40 फीसद है। इस मामले में गुजरात, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक के बाद मध्य प्रदेश का नंबर है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में एक करोड़ 13 लाख लोगों की दूसरी डोज लंबित हो गई है। इन्हें और पहली डोज से छूटे लोगों को टीका लगाने के लिए 10 नवंबर को महाअभियान चलाया जाएगा। इसके साथ छूटे हुए लोगों के घर जाकर टीका लगाने के लिए 'दस्तक' अभियान की भी शुरुआत होगी।इसके बाद 17 और 24 नवंबर व एक दिसंबर को भी महाअभियान चलेगा। गर्भवती महिलाओं को पहली और दूसरी डोज मिलाकर चार लाख डोज लग चुकी हैं। सर्वाधिक डोज लगाने के मामले में मध्य प्रदेश देश में पहले नंबर पर है।




अभी तक लगी कुल डोज पुरुषों को | अभी तक लगी कुल डोज महिलाओं को

### किस राज्य में कितने प्रतिशत लगी डोज

| राज्य | पहली डोज | दूसरी डोज |
|---|---|---|
| गुजरात | 91.78 | 55.4 |
| मध्य प्रदेश | 91 | 40 |
| कर्नाटक | 87.62 | 48.79 |
| आंध्र प्रदेश | 84.80 | 54.63 |
| राजस्थान | 82.80 | 39.84 |
| महाराष्ट्र | 74.26 | 34.76 |

नोट- आंकड़े प्रतिशत में हैं।

### 30 अक्टूबर से सात नवंबर तक प्रदेश में लगी डोज

| दिन | पहली डोज | दूसरी डोज |
|---|---|---|
| 30 अक्टूबर | 36,708 | 5,48,214 |
| 31 अक्टूबर | 5,751 | 72,351 |
| 1 नवंबर | 23,550 | 2,97,134 |
| 2 नवंबर | 7,834 | 96,305 |
| 3 नवंबर | 13,439 | 1,34,456 |
| 4 नवंबर | 43 | 747 |
| 5 नवंबर | 450 | 5,023 |
| 6 नवंबर | 11,966 | 1,60,056 |
| 7 नवंबर | 4,950 | 61,544 |



| प्रदेश में 18 साल से ऊपर के लोग जिन्हें टीका लगाया जाना है | प्रदेश में अब तक लगी पहली डोज | अब तक दोनों डोज लगवाने वाले |
|---|---|---|
| **5 करोड़ 49 लाख 50 हजार** | **5 करोड़ 2 हजार 300** | **2 करोड़ 19 लाख 73 हजार** |
| | लक्ष्य के मुकाबले पहली डोज लगवाने वालों का प्रतिशत -**91%** | लक्ष्य के मुकाबले दूसरी डोज लगवाने वालों का प्रतिशत -**40%** |

### दतिया माडल अपनाएंगे

राज्य टीकाकरण अधिकारी डा. संतोष शुक्ला ने बताया कि दतिया जिले ने दूसरी डोज लगाने के मामले में अच्छी उपलब्धि हासिल की है। यहां गांवों में प्रभावी लोगों की टोली बनाई गई। वह टीका लगवाने के लिए लोगों को समझाते हैं। सभी जिलों को इसी तरह का प्रयास करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि नवंबर में तीन और दिसंबर में एक महाअभियान चलेगा।

### प्रदेश के इन नवाचारों को भारत सरकार ने अपनाया

- स्वसहायता समूह से जुड़ी 37 लाख महिलाओं को लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने को कहा गया।
- विद्यालय और महाविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों को जिम्मेदारी दी गई कि वह अपने परिवार और आसपास के लोगों को टीका लगवाएं।



पउचित मूल्य की दुकान से राशन लेने वाले लोगों को समझाने की जिम्मेदारी दुकान संचालकों को दी गई।

- बीड़ी श्रमिकों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी उनके ठेकेदारों को दी गई। नई.

## कोविड का दूसरा टीका नहीं लगवाना शर्म की बात : मुख्यमंत्री

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में 25 दिसंबर तक पात्र लोगों को शत-प्रतिशत कोरोनारोधी टीके का दूसरा डोज लगाना सुनिश्चित किया जाए। टीका नहीं लगवाना स्वयं के लिए तो खतरा है ही, स्वजन और परिचितों के जीवन से खिलवाड़ भी है। प्रदेशवासियों में यह भाव विकसित करना होगा कि यदि हम टीकाकरण नहीं करवाते तो हम अपनी बड़ी जिम्मेदारी से मुकर रहे हैं और यह शर्म की बात है।



शिवराज सिंह

मुख्यमंत्री सोमवार को मंत्रालय में कोविड वैक्सीनेशन की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। सभी जिलों के कमिश्नर और कलेक्टर वर्चुअली इसमें सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकाकरण के लिए जागरूकता के साथ टोका-टाकी का भी अभियान चलाना होगा। शासकीय लाभ लेने तथा शासकीय कार्य से आने वाले प्रत्येक व्यक्तिसे दूसरा डोज लगवाने के संबंध में अवश्य पूछताछ की जाए। इस अभियान में पुलिस सहित राज्य सरकार के सभी विभाग सक्रिय भूमिका निभाएं।

नईदुनिया 9/11/21

## कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन में कोई भी शिकायत नॉनअटेंड नहीं रहे

अवंतिका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में कोई भी शिकायत नॉनअटेंड नहीं रहे अन्यथा अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शिकायत को अटेंड नहीं करना गंभीर लापरवाही है। जैसे ही शिकायत प्राप्त होती है उसका एल वन स्तर पर ही निराकरण सुनिश्चित कर दें।

सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। सर्वाधिक शिकायतें कृषि, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वित्त, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, श्रम आदि की लंबित हैं। कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी समय अवधि बैठक के पूर्व 50 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण कर दिया जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया की पात्रता पर्ची से संबंधित लंबित शिकायतों का निराकरण किया जाना संभव नहीं है उनका विधिवत फॉर क्लोज किया जाए। वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा की गई। सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि जिन व्यक्तियों के प्रथम तथा द्वितीय डोज लगाए जाने शेष हैं उनकी सूची तैयार कर दूरभाष पर उनको सूचित किया जाए। इसकी मानिटरिंग एसडीएम स्वयं करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन टीकाकरण की रिपोर्ट प्रत्येक संध्या को प्रेषित करें। जीएमडीईसी को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्र में शत प्रतिशत टीकाकरण करवाया जाए।

अवंतिका 9/11/21



# सीएम हेल्पलाइन में कोई भी शिकायत नॉनअटेंड नहीं रहेः कलेक्टर

रतलाम। समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में कोई भी शिकायत नॉनअटेंड नहीं रहे अन्यथा अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शिकायत को अटेंड नहीं करना गंभीर लापरवाही है। जैसे ही शिकायत प्राप्त होती है उसका एल वन स्तर पर ही निराकरण सुनिश्चित कर दें। सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। सर्वाधिक शिकायतें कृषि, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वित्त, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, श्रम आदि की लंबित हैं। कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी समय अवधि बैठक के पूर्व 50 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण कर दिया जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया की पात्रता पर्ची से संबंधित लंबित शिकायतों का निराकरण किया जाना संभव नहीं है उनका विधिवत फॉर क्लोज किया जाए। वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा की गई। सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि जिन व्यक्तियों के प्रथम तथा द्वितीय डोज लगाए जाने शेष हैं उनकी सूची तैयार कर दूरभाष पर उनको सूचित किया जाए। इसकी मानिटरिंग एसडीएम स्वयं करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन टीकाकरण की रिपोर्ट प्रत्येक संध्या को प्रेषित करें।

नवभारत 9/11/21

एक दिन में पचास हजार टीके का लक्ष्य

# स्कूल में बच्चों से ले अभिभावकों के दोनों डोज लगने के वचन पत्र

पत्रिका

रतलाम. कोविड-वेक्सीन महा अभियान 10 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इस दिन जिले में 50 हजार टीके लगाए जाने का लक्ष्य रहेगा। अभियान की तैयारियों को लेकर सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। इसमें कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अभियान की रूपरेखा बताई गई। बैठक में शिक्षा विभाग को प्रत्येक स्कूल में अभियान संचालित कर बच्चों के माध्यम से उनके पालकगणों के वचन पत्र भरवाकर बुलवाने के निर्देश दिए कि उनके द्वारा वैक्सीन के दोनों डोज लगवा लिए गए हैं।



कलेक्टर ने बताया कि रतलाम शहर में आगामी 25 नवंबर तक शत प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य है। लक्ष्य पूरा करने पर रतलाम पूरे मध्यप्रदेश का पहला शहर होगा। शहर में 70 प्रतिशत सेकंड डोज लग चुका है। इसके अतिरिक्त आगामी 25 नवंबर तक प्रत्येक दिवस 10 हजार टीके लगाने का लक्ष्य है। कलेक्टर की इस बैठक में शासकीय अधिकारियों के अतिरिक्त अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि शादी ब्याह में भी शत प्रतिशत वैक्सीनेशन पर फोकस किया जाना है। मैरिज गार्डन संचालक सुनिश्चित करेंगे कि उनके यहां होने वाले वैवाहिक आयोजन में सम्मिलित होने वाले सभी शत प्रतिशत व्यक्ति दोनों डोज लगा चुके हो। यदि ऐसा नहीं होगा तो वैवाहिक अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके लिए मैरिज गार्डन संचालक की मांग पर वहां वैक्सीनेशन कैंप भी आयोजित किया जा सकता है।

टीकाकरण के लिए कलेक्टर द्वारा सभी सामाजिक संस्थाओं से भी सहयोग की अपील की। उन्होंने लोगों को प्रेरित करने के लिए वातावरण निर्माण की बात कही। कलेक्टर ने जिले की सभी कृषि उपज मंडियों में स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर की व्यवस्था की बात कही। स्वास्थ्य विभाग के प्रत्येक सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर रहेगा। रजिस्ट्रार तथा सब रजिस्ट्रार कार्यालयों में भी स्थाई वैक्सीनेशन सेंटर रहेंगे।

## यह रहे मौजूद

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील, महिला बाल विकास अधिकारी रजनीश सिन्हा, जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, गोविंद काकानी, मोहनलाल मुरलीवाला, निलेश गांधी सहित अन्य कई संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

पत्रिका 9/11/21

## कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश,

# सीएम हेल्पलाइन में कोई भी शिकायत नॉन अटेंड नहीं रहे

प्रसारण न्यूज • रतलाम



समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सी एम हेल्प लाइन में कोई भी शिकायत नॉन अटेंड नहीं रहे, अन्यथा अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शिकायत को अटेंड नहीं करना गंभीर लापरवाही है। जैसे ही शिकायत प्राप्त होती है उसका एल वन स्तर पर ही निराकरण सुनिश्चित कर दें।

सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। सर्वाधिक शिकायतें कृषि, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वित्त, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, श्रम आदि की लंबित हैं। कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी समय अवधि बैठक के पूर्व 50 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण कर दिया जाए। जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया की पात्रता पर्ची से संबंधित लंबित शिकायतों का निराकरण किया जाना संभव नहीं है, उनका विधिवत फॉर क्लोज किया जाए।

वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा की गई। सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि जिन व्यक्तियों के प्रथम तथा द्वितीय डोज लगाए जाने शेष हैं उनकी सूची तैयार कर दूरभाष पर उनको सूचित किया जाए। इसकी मानिटरिंग एसडीएम स्वयं करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन टीकाकरण की रिपोर्ट प्रत्येक संध्या को प्रेषित करें।

जीएमडीआईसी को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्र में शत-प्रतिशत टीकाकरण करवाया जाए।

प्रसारण

प्रसारण 9/11/21

**नगर निगम के हाल** • नगर निगम आयुक्त रिटायरमेंट मोड पर और उपायुक्त गंभीर नहीं, बेखौफ हुआ अमला

# डामरीकरण : 38 सड़कों के टेंडर निकाले और 6 के वर्क ऑर्डर कर पाए, काम सिर्फ तीन का ही हुआ


# पेचवर्क : 8 सड़कों का कर पाए, पटरी पार का इलाका बाकी है, दीपावली के पहले से काम बंद

## सालभर के लिए 80 लाख का टेंडर, 21 लाख पूरे करने के बावजूद 6 से 7 सड़कों पर ही पैबंद लग पाए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

आखिरकार पटरी पार समेत आधे से ज्यादा शहर के लोगों को दीपावली गड्ढेदार सड़कों के साथ ही मनाना पड़ी। डामरीकरण और पेचवर्क के जो काम शुरू हुए थे, वो दीपावली ही बंद हो गए। नगर निगम के निठल्ले अफसरों की इस करतूत ने दीपावली के पहले सड़कों की हालत सुधारने का दावा करने वाले प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया, विधायक चेतन्य काश्यप और कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की छवि पर बट्टा लगा दिया है। जिम्मेदारों की फटकार के बाद नगर निगम ने 38 सड़कों के डामरीकरण के टेंडर निकाले थे। सिर्फ 6 के वर्क आर्डर हुए। उसमें से भी सिर्फ तीन का ही काम हो पाया है। बाकी तीन का शुरू तक नहीं हो पाया। यही हालत पेंचवर्क की है। साल भर के लिए 80 लाख का टेंडर दिया था। 21 लाख पूरे करने के बावजूद अब तक सिर्फ 6 से 7 सड़कों पर ही पैबंद लग पाए हैं। ताज्जुब यह कि कलेक्टर निगम का ढर्रा सुधारने की कोशिश में लगे हैं। वहीं तेजी से काम करवाना तो दूर आयुक्त सोमनाथ झारिया रिटायरमेंट मोड पर और उपायुक्त विकास सोलंकी गंभीर नहीं है।

**रोडमैप के अनुसार सड़क बनने में लग जाएंगे दस साल** - सड़कों को लेकर नगर निगम का यही रवैया रहा तो फरवरी में मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत रोड नेटवर्क सुधारने के प्लान को अमली जामा पहनने में दस साल लग जाएंगे। इसमें निगम ने 166.78 किमी लंबे रोड नेटवर्क को सुधारने



यह हालत है कस्तूरबा नगर मुख्य मार्ग की, इसकी सीवरेज और पानी की पाइप लाइन के लिए दो बार खुदाई हो चुकी है। रीस्टोरेशन दोनों ही बार नहीं हुआ।



ये गोशाला रोड है, कहने को नगर निगम ने इस पर पेचवर्क कर दिया है। फिर भी सड़क गड्ढेदार हो रही है। पेंचवर्क के लिए डाली गई गिट्टी भी उखड़ने लगी है। फोटो | चिंटू मेहता

## अफसरों ने ये हालत की प्रभारी मंत्री, विधायक व कलेक्टर के दावों की

**डामरीकरण** - 32 सड़कों का पहला टेंडर फेल होने के बाद अक्टूबर में ही दूसरी बार निकालने थे, लेकिन अफसरों ने ध्यान ही नहीं दिया। कस्तूरबा नगर, जवाहर नगर, अमृत सागर कॉलोनी रोड, गोशाला रोड, बाजना

**पेचवर्क** - ठेकेदार बलवीर सिंह राठौर दीपावली के पहले ही काम बंद करके बैठा है। निगम के नाकारा अफसर कार्रवाई तक नहीं कर पा रहे। अब तक सिर्फ स्टेशन रोड, फ्रीगंज रोड, दो बत्ती से मेहंदी कुई

## इसलिए नहीं सुधर पाई सड़कों की हालत

**लापरवाही अफसर** - वरिष्ठों को खुश करने एक बार टेंडर निकालकर बैठ गए, दूसरी बार निकाले ही नहीं। मॉनीटरिंग नहीं

**कार्यशैली** - भुगतान को लेकर निगम की कार्यशैली के चलते छोटे स्थानीय ठेकेदार ने सड़कों के काम लेना बंद कर दिया। बड़े

पंचायत ने बताया अपनी मंजूरी को वैध

# होटल लावण्य व बंजली पंचायत के तीन आवास में अतिक्रमण का मामला उलझा

पत्रिका
करंट इश्यू

## तहसीलदार व नगर निगम से मांगी रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर के करीब सालाखेड़ी ग्राम पंचायत में बनी होटल लावण्य व बंजली ग्राम पंचायत के बड़बड़ में बने तीन आवास को नगर निगम द्वारा अवैध निर्माण का नोटिस जांच की प्रक्रिया में उलझकर रह गया है। दोनों ग्राम पंचायत ने लिखकर दिया है कि उन्होंने मंजूरी नियम के अंतर्गत दी है, इसके बाद जिला पंचायत सीईओ ने शहर तहसीलदार व नगर निगम से मामले में नियम के दस्तावेज मांगे हैं।

अक्टूबर माह के अंत में नगर निगम ने शहर के करीब बनी होटल लावण्य संचालक को अवैध निर्माण का नोटिस दिया था। इसके अलावा बंजली ग्राम पंचायत के बड़बड़ स्थित तीन आवास को अवैध निर्माण का नोटिस दिया था। इसके बाद जिन पर आरोप लगे थे, उन्होंने नगर निगम को बताया था कि ग्राम पंचायत ने नियम अनुसार उनको निर्माण कार्य की मंजूरी दी है। नगर निगम का दावा था कि जो निर्माण हुआ है वो अवैध है व नगर निगम सीमा में हुआ है।

### जिला पंचायत ने की जांच

निर्माण करने वाले व निगम के बीच आरोप प्रत्यारोप के बाद जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े ने पूरे मामले की जांच के आदेश जारी कर दिए थे। जांच में दोनों ग्राम पंचायत द्वारा किन नियम में मंजूरी दी गई इन दस्तावेजों को मांगा गया। ग्राम पंचायत ने तत्कालीन कलेक्टर दिप्ती गौड़ मुखर्जी के समय जारी किए गए मंजूरी के दस्तावेज सहित जिला पंचायत को अपने जांच भेज [illegible] इसके बाद जिला पंचायत [illegible] भिड़े ने तहसीलदार व नगर नि[illegible] सूचना पत्र भेजा है व इस[illegible] निगम से उनका पक्ष मांगा है।

### इधर 16 कॉलोनी पर कार्रवाई रुकी

इधर शहर में 19 अवैध कॉलोनी में कार्रवाई करने का दावा नगर नि[illegible] ने किया था। तीन कॉलोनी में तो कार्रवाई अक्टूबर माह में की गई, इ[illegible] बाद बची हुई 16 कॉलोनी के मामले में अब तक निगम ने कार्रवाई [illegible] की है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया का दावा है की त्योहार के च[illegible] कार्रवाई रुकी हुई थी, अब फिर से अभियान चलेगा।

### जवाब के बाद निर्णय

दोनों ग्राम पंचायत ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। नगर निगम व तहसीलदार से पूरे मामले में अभिमत मांगा गया है। उनके द्वारा [illegible] गए जवाब के बाद अंतिम निर्णय पर पहुंचा जा सकेगा।

**- जमुना भिड़े**, सीइओ, जिला पंचायत

पत्रिका

पत्रिका 9/11/21

# आजादी के अमृत महोत्सव : आज शहर में निकलेगी बाइक रैली

रतलाम। शहर में आज बाइक रैली निकाली जाएगी। रैली न्यायालय परिसर से शुरू होगी। वहीं जिले के प्रीतम

**▶ अभा जागरूकता एवं पहुंच कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजन**

नगर में मेला कार्यक्रम सह विधिक सेवा जागरूकता शिविर का आयोजन भी होगा।

जानकारी के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय जागरूकता एवं पहुंच कार्यक्रम के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रतलाम द्वारा 9 नवंबर को प्रातः 10 बजे रतलाम शहर में बाइक रैली आयोजित की जाएगी। इसके अलावा इसी दिवस ग्राम प्रीतम नगर में मेला कार्यक्रम सह विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार रतलाम शहर में बाइक रैली का शुभारंभ जिला न्यायालय परिसर रतलाम से प्रातः 10 बजे किया जाएगा। रैली रतलाम शहर के मुख्य मार्गों महू रोड, दिलबहार चौराहा, दो बत्ती, न्यू रोड, शहर सराय होती हुई जिला न्यायालय परिसर में समाप्त होगी।

नवभारत 9/11/21